## खबर संक्षेप

### 15 मई तक आवास प्लस का सर्वे कार्य

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल ।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री मण्डल द्वारा योजना को आगामी पांच वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक मंजूरी प्रदान की गई है। सीईओ जिला पंचायत श्री नरेंन्द्र सिंह धुर्वे ने बताया कि आवास प्लस की सूची अद्यतन करने हेतु आवास प्लस 2024 सर्वे प्रारंभ किया गया था। जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में स्थाई प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोडऩे की कार्यवाही की गई थी। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस 2024 का सर्वे कार्य 30 अप्रैल 2025 करने के निर्देश दिए गए थे। अब ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आवास प्लस 2024 सर्वे की समय सीमा को 15 दिनों के लिये बढ़ा कर 15 मई 2025 की गई है।

### विधायक ने शासकीय उचित मूल्य दुकान दरौडी का किया निरीक्षण



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने ग्राम पंचायत दरौडी में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का औचक निरीक्षण कर प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अंतर्गत खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से संवाद की। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों से राशन की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था तथा पात्रता पर्ची की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुसार प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता एवं समय पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

### हर ग्राम में जल को सहेजने और संरक्षण के हो रहे कार्य



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जन जन के सहयोग से बन रहा जनाभियान जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के नवीन खेत तालाब का निर्माण कार्य ग्राम लफदा, भूरसी, जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम कंचनपुर में किया गया।

### मोहन राम तालाब में किया गया सफाई कार्य



**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।** जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा हैजो प्रगति पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी,पत्रकार सहित अन्य लोगों द्वारा बढ़ चढक़र सहभागिता निभाई जा रही है तथा जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए संदेश दिया जा रहा है। संभागीय मुख्यालय के मोहन राम तालाब में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में नगर पालिका शहडोल द्वारा जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए सफाई कार्य तथा तालाब के किनारे से गाद भी निकाली गई।

## अधिकारी को अंधेरे में रखकर कोतवाली पुलिस कर रही गंदा काम

# मुट्ठी में कानून लेकर अपहरणकर्ता बना रही वर्दी

### वर्दी ने लूटी डिप्टी जेलर सहित कृष्णा होटल की साख

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।** मंगलवार की सुबह डिप्टी जेलर के ऊपर पहले नाबालिग के अपहरण का मामला पुलिस ने दर्ज किया, दबी जुबान में उसे बलात्कारी भी बताया, जबकि जिस होटल में बंधक बताया गया, वहां घटना से कुछ घंटे पहले जेलर की सगाई हुई थी, रिश्तेदार मौके पर थे, अपनी खीज निपटाने के लिए पुलिस ने डिप्टी जेलर की सामाजिक हत्या जैसा घिनौना काम कर दिया। कोतवाली पुलिस ने गुरूवार की सुबह अपने मुखबिरों से बड़ी सफलता का ढिढ़ोरा पिटवाया, बुढ़ार जेल में पदस्थ डिप्टी जेलर विकास सिंह के ऊपर आरोप लगाये गये कि उसने नाबालिग बच्ची को अपहरण कर कृष्णा होटल में बंधक बनाकर रखा। पुलिस ने यह मामला दर्ज कर दिया, लेकिन बाद में अपने ही कर्मो के कारण कोतवाली पुलिस वर्दी को खूंटी पर टांग खड़ी नजर आयी। पुलिस ने बाद में जब जांच की तो, घटना से दो दिन पहले नाबालिग के साथ चार अलग-अलग युवकों के द्वारा बलात्कार करने का मामला सामने आया। पुराने पन्ने खंगाले गये तो, पहले भी किशोरी के साथ ऐसी घटना हो चुकी थी। इधर डिप्टी जेलर का मामला प्रदेश की सुर्खी बन चुका था, मातहतों के कारनामों के कारण शहडोल पुलिस ने डिप्टी जेलर के खिलाफ आनन-फानन में मामला तो दर्ज कर लिया, लेकिन शाम होते-होते पुलिस की ऐसी भद्द पिटी की, डिप्टी जेलर से ज्यादा कोतवाली पुलिस पर सवाल उठने लगे।

### यह हुआ आधी रात को

बुधवार और गुरूवार की दरमियानी रात डिप्टी जेलर विकास सिंह गांधी चौक शहडोल से रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे, इस दौरान उन्होंने कुछ पुलिसवालों के साथ किशोरी को खड़े देखा, वापसी में




किशोरी अकेले खड़ी थी, मानवतावश उससे सबब पूछा और किशोरी के द्वारा स्टेशन से जबलपुर जाने की बात कही गई, रात में ट्रेन न होने के कारण युवती ने शरण मांगी, शहडोल के गांधी चौक स्थित कृष्णा पैलेस में विकास सिंह ने युवती को लाकर शरण दी, इसी होटल में बीते दिवस ही विकास सिंह की सगाई हुई थी और घर परिवार के दर्जनों महिलाएं और बच्चे इन्हीं कमरों में रूके थे, जहां के कमरे में किशोरी को शरण दी गई, उसे पानी और भोजन भी उपलब्ध कराया गया, यहीं विकास सिंह चूक कर गये और पुलिस ने उन्हें निशाने पर ले लिया।

### ...तो नजर रखी हुई थी वर्दी

गुरूवार को पुलिस के द्वारा जो तथ्य सामने किये गये, उसमें बताया गया कि विश्वनाथ तिवारी और एक अन्य आरक्षक ने किशोरी को स्टेशन तरफ जाते देखा, बाद में उसे विकास सिंह के साथ कृष्णा होटल जाते देखा, यहीं से दोनों ने विकास सिंह का पीछा किया और होटल पहुंच गये, पुलिस की यदि मदद की मंशा होती तो, किशोरी से पहले ही अकेले घूमने का सबब पूछा जाता, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, होटल में पहुंचने के बाद किशोरी ने विकास सिंह के द्वारा की जा रही मदद की जानकारी उपस्थित लोगों के सामने दी, लेकिन वर्दी के रौब में शहडोल पुलिस के जवान जुगाड़ के खातिर डिप्टी जेलर पर अपहरण और गंदी नीयत के आरोप लगाते रहे। यह पूरा वाक्या होटल के सीसीटीवी कैमरे में भी कैद होना बताया गया।

### जुगाड़ नहीं तो, एफआईआर

गुरूवार को पुलिस जांच में किशोरी के साथ दो दिनों पहले चारो लोगों के द्वारा किये गये बलात्कार का मामला सामने आया, जिसमें समीर खान, अनमोल, आकिब व अन्य के खिलाफ सोहागपुर थाने में मामला दर्ज किया गया, किशोरी का पुराना रिकार्ड भी थाने में दर्ज है, यह बताया गया कि किशोरी का पूरा रिकार्ड और स्वभाव कोतवाली सहित सोहागपुर के लगभग वर्दीधारियों के जानकारी में है, सिर्फ जुगाड़ न बनने और डिप्टी जेलर की सामाजिक हत्या करने की नीयत से ही यह पूरा खेला गया और कोतवाल सहित वरिष्ठ अधिकारियों तक भी मामला तोड़मरोड़ कर पहुंचा गया। सवाल तो यह भी उठता है कि जब मौके पर डिप्टी जेलर से वर्दीधारियों ने मुलाकात की, बहसबाजी की, उस पर अपहरण करने के आरोप लगाये तो, उसे मौके से जाने क्यों दिया गया। यह भी बताया गया कि कोतवाली में किशोरी के परिजनों के द्वारा पूर्व में ही घर से गायब होने की शिकायत दी गई थी, जिस पर नाबालिग होने के कारण अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। जिसे बाद में नामजद कर लिया गया।

## एक ही रात दो सूने घरों का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** कोतवाली थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी के मामले सामने आ रहे हैं। कोतवाली एरिया में ही पुलिस के दो बड़े अधिकारियों के घर चोरी हुई, जिसे कोतवाली पुलिस खोलने में नाकाम साबित हुई और फिर अब पचगांव में दो सुने घरों का ताला तोडक़र लाखों रुपए की चोरी का मामला सामने आया है। एक ही रात में दो सूने घरों का ताला तोडक़र 9 लाख की चोरी को चोरों ने अंजाम दिया है।

पुलिस ने बताया कि पचगांव में दो घरों का ताला तोडक़र चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है,जिसमें सोने-चांदी के जेवर चोर लेकर फरार हो गए हैं। पुलिस के अनुसार कोतवाली एरिया के पचगांव में सुनीता कुशवाहा के घर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह एक शादी समारोह में परिवार के साथ शामिल होने गई थी, जब वापस लौटी तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था, और घर के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता था कि उनके घर चोरी की घटना को चोरों ने अंजाम दिया है।सुनीता ने पुलिस को बताया कि उनके घर में रखे सोने चांदी के जेवर चोर लेकर फरार हो गए हैं। जिसकी कीमत लगभग चार लाख रूपए है। दूसरी चोरी भी पचगांव में हुई है, राजीव कुशवाहा ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि वह अपने रिश्तेदारी में एक शादी समारोह में शामिल होने परिवार के साथ गए हुए थे। जब वापस लौटे तो घर का ताला टूटा था, अलमारी में रखे सोने चांदी के कीमती जेवर गायब थे, पुलिस ने मामले पर जांच शुरू कर दी है। राजीव कुशवाहा के मुताबिक उनके घर लगभग 5 लाख की चोरी हुई है। दोनों चोरी के मामले पर कोतवाली थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है, और अपनी पड़ताल कर रही है।

गौरतलब है कि बीते दिनो कोतवाली थाना एरिया में ही शासकीय आवास में चोरी हुई थी, जिसमे एक डीएसपी एवं टीआई यातायात के आवास में ताला तोडक़र लाखों रुपए के जेवर एवं अन्य जरूरी सामान चोर लेकर फरार हो गए थे। इन दोनों मामलों पर ही कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था, लेकिन पुलिस, पुलिस अधिकारियों के घर हुई चोरी को खोलने में नाकाम साबित हो रही है।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कौआ सराई के पास शहडोल-रीवा मार्ग पर सडक़ हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। एक ही ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे टकराने से दो अलग-अलग घटनाओं में यह मौत हुई है। इसमें पुलिस की भी लापरवाही सामने आई। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के कौआ सराई क्रेशर से ट्रैक्टर ट्रॉली में गिट्टी लोड वाहन गांव की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही बाइक ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे जा घुसी। इसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुआ और घटना के तुरंत बाद बाइक में आग लग गई। घायल बाइक सवार को स्थानीय लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां उसने दम तोड़ दिया।

बाइक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर होने के बाद बाइक में अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बाइक सवार घायल युवक को अस्पताल भिजवाने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी, जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों को आग लगने की जानकारी दी, जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा तब तक आग ने बाइक को जलाकर राख कर दिया था। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर इंजन को जब्त किया, क्योंकि आग लगने की वजह से ट्रैक्टर ट्रॉली में लगा टायर भी जल चुका था, जो थाने लाने के कंडीशन में नहीं था। पुलिस ने ट्रैक्टर के इंजन को मौके से जब्त कर लिया और ट्रॉली को मौके पर ही खड़ा रहने दिया। इसकी वजह से बुधवार की सुबह फिर एक बाइक सवार युवक हादसे का शिकार हो गया और उसकी जान चली गई। एक ही ट्रॉली की टक्कर लगने से 10 घंटे के भीतर दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई, स्थानीय लोगों ने पुलिस पर सवालिया निशान खड़े किए हैं।

बुधवार सुबह तकरीबन 10 बजे जली हुई ट्रैक्टर ट्रॉली के पीछे टक्कर होने से बाइक सवार एक और युवक की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि बाइक सवार युवक गोहपारू से ब्यौहारी की ओर जा रहा था। तभी शहडोल रीवा मुख्य मार्ग कौआ सराई के पास दुर्घटनाग्रस्त ट्रॉली सडक़ पर खड़ी थी, जिसके पीछे युवक की बाइक घुस गई और युवक राकेश सिंह पिता भैया लाल उम्र 34 वर्ष निवासी चंदौल थाना गोहपारू की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों ने जयसिंहनगर पुलिस पर सवालिया निशान खड़े करते हुए कहा कि मंगलवार की रात जब सडक़ हादसा हुआ था, तो पुलिस मौके पर पहुंची थी और ट्रैक्टर की इंजन को मौके से जब्त किया था। दुर्घटनाग्रस्त ट्राली को सडक़ पर ही खड़ा रहने दिया, जिसकी वजह से बुधवार की सुबह फिर एक बाइक सवार युवक सडक़ हादसे का शिकार हुआ और उसकी जान चली गई है।

### इनका कहना है...

मंगलवार की रात एक सडक़ हादसा हुआ था। बाइक में आग लग जाने से ट्रॉली भी क्षतिग्रस्त हुई थी, जिसकी वजह से इंजन को जब्त किया था, ट्रॉली के आस-पास पत्थर लगाए गए थे,आज सुबह फिर हादसा हुआ है और बाइक सवार की जान चली गई। दो लोगों की मौत मामले में मर्ग कायम किया गया है।

**जीवन सिंह टेकाम**
**उप निरीक्षक, जयसिंहनगर**

## विश्व विद्यालय में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस



**शहडोल।** विश्व श्रमिक दिवस के अंतर्गत पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग, विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नीलिमा खरे के मार्गदर्शन में कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त विभाग का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। श्रम आयुक्त कार्यालय की गतिविधियों एवं सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में चरणा पांडे सहायक संभागीय श्रम निरीक्षक एवं बाल श्रम नोडल ऑफिसर ,आपने मास्टर ऑफ सोशल वर्क के छात्रों को 1 मई के बारे में बताया की पूरी दुनिया में मजदूर दिवस या अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को मई दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन मजदूरों और श्रमिकों के समर्पण, अधिकारों और संघर्षों को समर्पित है। इस दिन मजदूरों के अधिकारों के लिए लोगों को और खुद मजदूरों को भी जागरूक करने की कोशिश की जाती है। मजदूरों के पास न तो कोई अधिकार थे और न ही उन्हें छुट्टी मिलती थी। वर्तमान में ऐसा वैसा नहीं है । निरीक्षक ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजना जैसे प्रसूति सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना आयुष्मान भारत योजना निरामयम के समकक्ष, विवाह सहायता योजना, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एव अनुग्रह राशि भुगतान योजना, शिक्षा हेतु प्रोत्साहन राशि योजना, सुपर 5000, कक्षा 10 वी,कक्षा 12 वी राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरूस्कार योजना, विदेश अध्ययन हेतु निःशुल्क शिक्षा योजना, खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना, कौशल प्रशिक्षण योजना, औजार/ उपकरण खरीदी ठेतु शिक्षा योजना, सायकल अनुदान योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नगरीय आवास योजना, मुख्यमंत्री भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार ग्रामीण आवास योजना, निर्माण श्रमिक रैन बसेरा योजना, निर्माण पीठा श्रमिक आश्रय योजना, श्रमोदय आवासीय विद्यालय, निर्माण श्रमिक आदर्श आई0टी0आई0 तथा कर्मकार एवं संबल कार्ड में अंतर को इंगित किया। मध्यप्रदेश असंगठित शहरी एवं ग्रामीण कर्मकार कल्याण मंडल संबल योजना की पात्रता शर्तों के बारे में बताया की 18 से 60 वर्ष की आयु के ऐसे असंगठित श्रमिक जिनके पास एक हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि नहीं हो, शासकीय सेवा में नहीं हो,आयकर दाता नहीं होना ,ग्रामीण क्षेत्र हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत नगरी निकाय हेतु-आयुक्त हेतु आयुक्त नगर पालिका निगम / मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर परिषद/पंचायत पदाभिहित अधिकारी एवं पंजीकृत श्रमिक के मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि सहायता योजना अंत्येष्टि राशि रूपये 5000 अनुग्रह सहायता योजना अनुग्रह ,सामान्य मृत्यु 2 लाख,दुर्घटना मृत्यु 4 लाख, आंशिक स्थायी अपंगता 1 लाख, स्थायी अपंगता 2 लाख ,इस हेतु पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं शहरी क्षेत्र- मुख्य नगर पालिका अधिकारी, न. पालिका/न. परिषद, मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना पंजीकृत श्रमिक अथवा श्रमिक की पत्नी का वैध पंजीयन होने पर राशि 16000 रूपये हितलाभ देय होगा पदाभिहित अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी क्षेत्र- सिविल सर्जन/अधीक्षक मेडिकल कॉलेज अस्पताल/विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी मुख्यमंत्री जनकल्याण महाविद्यालयीन शिक्षा प्रोत्साहन शैक्षणिक शुल्क मंडल द्वारा पदाभिहित अधिकारी शैक्षणिक संस्थान के प्रमुख होते हैं । बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन 1986 संशोधित अधिनियम-2016 के अंतर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालकों / बालिकाओं को सभी तरह के कार्यों में नियोजित (काम करवाना) पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हें किशोर कहा जाता है उनको खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में नियोजित करना पूर्णतः निषेध है।14 से 18 वर्ष के किशोरों को अपने परिवार में गैर खतरनाक व्यवसाय में मदद के लिए रखा जा सकता है। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है। साथ ही किशोरों को शाम 7 बजे से सुबह 8 बजे तक नियोजित करना प्रतिबंधित है। किशोरों के गैर खतरनाक व्यवसाय में नियोजन खतरनाक व्यवसाय जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप / गेराज, सरकस, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचड़ा उठाना होटल एवं ढाबा में काम करना तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रतिकियाओं में किशोर श्रमिक कार्य नहीं कर सकता है। बाल श्रम नियोजित होने की सूचना म.प्र. शासन श्रम विभाग को पेंसिल पोर्टल, पुलिस 100, चाईल्ड लाईन 1098 पर शिकायत करने की सुविधा उपलब्ध है। उक्त प्रावधानों का पालन न करने कि स्थिति में बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधि0 1986 के अंतर्गत अधिकतम दो वर्ष का कारावास व 50,000/- रुपये जुमनि के दण्ड का प्रावधान है। उसे दौरान विजिटिंग फैकल्टी नितिन गर्ग, अर्पित दुबे एवं चंद्रकांत त्रिपाठी एवं एम.एस.डब्लू द्वितीय सेमेस्टर एवं चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र शिवम रजक, शिवानी चौरसिया, आकांक्षा गुप्ता ,अंजली गुप्ता, पुष्पलता सिंह ,आंचल शर्मा ,टीकबती बैगा भारती, किशन बैगा, सोनू बैगा, कोमल द्विवेदी, अंजली गौतम, वंदना नापित, संजना ढीमर, सुषमा यादव ,आयुष मिश्रा ,रोहिणी बंजारा तथा श्रम कार्यालय में पंकज जी के माध्यम से समन्वय किया गया।

## ओपीएम में युवक पर चलाई गोली

**शहडोल हरिभूमि न्यूज । जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत ओपीएम कालोनी में पार्क के समीप में बीते रात एक युवक के ऊपर फायर किया गया, गोली युवक के पैर में लगी। घटना के बाद उसे आनन -फानन में अस्पताल ले जाया गया, घायल का नाम अनीस सिंह पिता हरेंदर सिंह 25 वर्ष निवासी ओपीएम के रूप में हुई है, वहीं गोली चलाने वाले आरोपी का नाम बबलू उफर्.कन्हैया निवासी लखन दफाई इंटा भट्टा थाना अमलाई बताया जा रहा है। आरोपी आदतन अपराधी है, जो कुछ समय पहले ही जेल से छूटकर बाहर आया है। वह मूलतः अनूपपुर जिले के जैतहरी के समीप किसी गांव का रहने वाला है।**

जानकारी के अनुसार बीते रात्रि आरोपी बबलू उफर्. कन्हैया एवं अनीस सिंह के बीच ओपीएम में पार्क के समीप किसी बात को लेकर कुछ विवाद हो गया, इसी दौरान बबलू ने अपने पास मौजूद देशी कट्टे से अनीस के ऊपर फायर कर दिया, जो अनीस के बाएँ पैर में लगी। घटना के समय आरोपी के साथ उसके अन्य साथी भी मौजूद थे । घटना की जानकारी लगने के बाद परिजनो द्वारा उसे मेडिकल कालेज शहडोल ले जाया गया ,जहां घायल का उपचार चल रहा है । मेडिकल कालेज स्थित पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक भैरव सिंह ने बताया कि बीते रात्रि एक युवक को घायल अवस्था में यहाँ उपचार के लिए लाया गया था, जिसके पैर में गोली लगे होने की तहरीर हमारे पास आई थी। उसका ब्यान लेने पुलिस गयी थी, लेकिन वह वार्ड में नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि उसका टेस्ट एवं अन्य जांच कराने वार्ड से बाहर ले जाया गया है ।

वहीं जिस अमलाई थाना क्षेत्र में यह घटना बीते रात घटित हुई गुरुवार दोपहर तक थाना की पुलिस अनजान थी। ऐसा कहा जा रहा है कि गोली लगने के बाद घायल को घटना स्थल से सीधे शहडोल ले जाया गया ,जिसकी वजह से अभी तक इसकी जानकारी अमलाई पुलिस को नहीं लग सकी है। घायल का इलाज शहडोल के किस अस्पताल में चल रहा है, इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है । पता चला है कि घायल युवक ओपीएम में ठेकेदारी का काम करता है तथा वह ओपीएम के बी-टाइप कालोनी में रहता है । विवाद के पीछे की असली वजह का अब तक सही पता नहीं चल सका है ।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ड्रोन से होगी निगरानी



**शहडोल हरिभूमि न्यूज ।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व सहित एम पी के वन्य जीव बाहुल्य जंगलों में वन्य जीव ड्रोन कैमरे की नजर में होंगे,जिसके लिए बी टी आर द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन कर ड्रोन कैमरे के माध्यम से वन्य जीवों की दिनचर्या पर नजर रखने का प्रशिक्षण प्राप्त किया गया है।जिले के विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के ईको सेन्टर ताला में मंगलवार को डायलॉग आईटीईएस भोपाल से आए एयर कोमोडोर राजीव मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा वन एवं वन्यजीव सुरक्षा एवं मॉनिटरिंग हेतु थर्मल इमेजिंग ड्रोन को संचालित करने की ट्रेनिंग दी गई।थर्मल ड्रोन से रेस्क्यू कार्य, वन्यजीव- मॉनिटरिंग, सेंसटिव एरिया की लाइव मॉनिटरिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी किया जा सकेगा।प्रशिक्षण में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व टीम के अलावा प्रदेश के वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व,संजय टाइगर रिजर्व,दक्षिण शहडोल,उत्तर शहडोल,रीवा एवं मंदसौर वन मंडल से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार, जिला-शहडोल (म.प्र.)
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

आशीष नामदेव

## खबर संक्षेप

### संगीतमय वंदेमातरम गान के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में संगीतमय वंदेमातरम, जन गण मन तथा मध्यप्रदेश के गान के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### उल्टी दस्त की शिकायत पर एएनएम ने किया घर-घर संपर्क



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.बी. चौधरी ने बताया कि ग्राम खिचकिड़ी में उल्टी दस्त से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई थी। जिस पर ए एन एम व्दारा घर घर संपर्क कर उनके स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया तथा उन्हें दवाईयां वितरित की गई।

### नवांकुर संस्था द्वारा किया जा रहा समग्र ई केवायसी का कार्य



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन पर जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झांपी सेक्टर 4 चंदिया विकासखंड करकेली व्दारा समग्र ई केवायसी का कार्य किया जा रहा है । इसी तरह ग्राम पंचायत पडरिया भी समग्र ई केवायसी का कार्य किया जा रहा है ।

### बोरी बंधान कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया, हरिभूमि न्यूज ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ-साथ अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के लिये निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सेक्टर - 1 पाली बन्नौदा द्वारा बन्नौदा कमराई नदी में 51 बोरियों का बोरी बंधान किया गया। कार्यक्रम में रविन्द्र शुक्ला जिला समन्वयक जन अभियान परिषद , ब्लॉक समन्वयक पुष्पा टेकाम, नगर विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था से कृष्णा विश्वकर्मा , मेंटर्स ,उषा प्रजापति सहयोगी सीएमसीएलडीपी छात्र शिवराम सिंह, राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जयंती का हुआ आयोजन



**राजेन्द्रग्राम हरिभूमि न्यूज।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुन्दर काण्ड का पाठ तथा भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की गई। विप्र समाज के वरिष्ठो का श्रीफल, माला, अंगवस्त्र से सम्मान किया गया। पुष्पराजगढ विधायक फुन्देलाल मार्को द्वारा भगवान परशुराम धर्मशाला 10 लाख की लागत से आरईएस विभाग द्वारा निर्मित किये जाने की जानकारी प्रदान की गई।साथ ही पलमगाम में हुए आतंकी हमके में मरने वाले वीर शहीदो की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई तथा भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पं.नर्वदा प्रसाद तिवारी, संत कुमार मिश्र, रमेश तिवारी, संतोष कुमार वाजपेई, नरेश मिश्र, शांति भूषण मिश्र, राजेन्द्र चतुर्वेदी, शीलवंत तिवारी, ऋषि गौतम, अमन त्रिवेदी, भूपेन्द्र मिश्र, राजनारायण गौतम, सुभाष चन्द्र द्विवेदी, पुष्पेन्द्र मिश्रा, धीरेन्द्र पाण्डेय एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे।

---

कलेक्टर की अध्यक्षता में फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम के तहत बैठक संपन्न

# नियमों से निजी विद्यालय स्कूलों का करें संचालन : कलेक्टर





### मान्यता संबंधी जानकारी नही देने पर कलेक्टर ने हुए नाराज

**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 प्रसारित किया गया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन नियम के संबंध में बैठक संपन्न हुई ।

कलेक्टर ने कहा कि मप्र निजी विद्यालय 2020 की धारा 3 एवं 4 के तहत अभिभावकों को दिए जाने वाली शुल्क विवरण स्पष्ट एवं मदवार उल्लेखित किया जावे । नियम के तहत विद्यालय की प्रस्तावित फीस संरचना के अनुरूप सत्र प्रारंभ के 180 दिवस पूर्व शासन व्दारा नियत पोर्टल, जिला समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है। परिवर्तन की स्थिति में यह अनिवार्य होगा , जिसका पालन जिले में होना नही पाया जा रहा है। निरीक्षण में प्रतिकूल पाए जाने पर विद्यालयों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी । बिंदु का पालन न किए जाने पर मान्यता समाप्त की कार्यवाही की जाएगी । उन्होने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन व्दारा पाठ्य पुस्तकों का निर्धारण ऐसे संबंध बोर्ड अथवा परीक्षा निकाय के विनियमों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए जिससे कि वह संबंध हो । आरएसके, एमपीबीएसई, सीबीएसई से संबध्द होने की स्थिति में नियत बोर्ड के व्दारा अधिकृत पाठ्य पुस्तकों से ही अध्यापन करना होगा । किसी भी हालत में अनावश्यक पुस्तको को क्रय किए जाने हेतु किसी भी अभिभावक को बाध्य नही किया जाए । प्रायः देखने मे आता है कि विद्यालयो व्दारा किसी नियत दुकानदार को चिन्हित कर उन्हें पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराई जाती है जहां से अभिभावक बाध्य होकर या अनावश्यक पुस्तके क्रय करता है। कुछ विद्यालयों मे अमान्य पुस्तके,बिना आईएसबीएन,फर्जी आईएसबीएन क्रमांक की पुस्तके विद्यालयों व्दारा बच्चों को क्रय किए जाने हेतु बाध्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि अगर किसी स्कूल ने अतिरिक्त पुस्तकें खरीदवा दी है तो वे पुस्तके वापस कराकर पैसे भी वापस कराएं। यदि दुकानदार वापस नही करता है तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि यदि निरीक्षण मे ऐसी स्थिति पाई जाती है तो विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित दुकानदार दोनो के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि संबंधित बोर्ड द्वारा मान्य पाठ्य पुस्तके ही विद्यालय में उपयोग की जाएं। इस स्थिति मे बोर्ड के पाठ्यक्रम बदलाव की स्थिति मे ही इस तरह की परिस्थिति होनी चाहिए । अनावश्यक पुस्तको के लिए अभिभावक पर किसी भी प्रकार का दबाव नही डालें । शासन के निर्देशानुसार बच्चों को मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेल एक आवश्यक गतिविधि के रूप में शामिल है । निजी विद्यालयों व्दारा क्रीड़ा शुल्क प्राप्त किया जाता है, किंतु इसका उपयोग खेल गतिविधियों मे नही किया जाता है । विद्यालयों व्दारा क्रीड़ा अंशदान भी शासन के पक्ष में समय पर जमा नही किया जा रहा है । जो की नियम विरूद्ध है ।

उन्होंने कहा कि निजी विद्यालय प्रबंधन परिवहन विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करें । विद्यालय में उपलब्ध स्वयं, अनुबंधित वाहनों के संबंध में संपूर्ण जानकारी विद्यालय प्रबंधन के पास होनी चाहिए । सभी वाहन परिवहन विभाग से पंजीकृत व मापदंड के अनुसार हो। विद्यालय प्रबंधन व्दारा छात्रों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की स्थिति में अभिभावकों से प्राप्त राशि नियम 3 के उप नियम 2 के खंड 4 अनुसार प्रस्तावित फीस संरचना में सम्मिलित की जाएगी । वाहन चालक तथा अन्य समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों के विरूध्द किसी भी तरह का आपराधिक प्रकरण दर्ज न होने संबंधी अनिवार्य रूप से पुलिस वेरीफिकेशन कराया जाए। प्रत्येक वाहन में विद्यालय की ओर से परिवहन के दौरान शिक्षकों की ड्युटी लगाई जाए । वाहन मे क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को नही बैठाया जाए। वाहन शुल्क 10 माह का लिया जाए।

मान्यता के लिए स्पष्ट किया गया है कि राज्य शिक्षा केंद्र एवं जिला शिक्षा अधिकारी व्दारा जानकारी मांगी जाती है, उसे नियत समय में उपलब्ध कराए। राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकारी के ऐसे अनुदेशो का पालन करेगा जैसा कि स्कूल के संचालन की कमियों को दूर करने के लिए अथवा मान्यता व शर्तो के निरंतर पूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जारी किए किए गए हैं। बैठक में बताया गया कि 69 विद्यालयों व्दारा जानकारी प्रस्तुत नही की गई है, जो स्पष्ट रूप से मान्यता शर्तो का उल्लंघन है। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जानकारी उपलब्ध कराए अन्यथा उक्त विद्यालयों के विरूध्द मान्यता समाप्ति की कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी , सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग तथा जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को निर्देशित किया है कि समस्त विद्यालयों के निरीक्षण हेतु दल गठित किए जाए जो निजी विद्यालयों में मप्र निजी विद्यालय नियम 2020 तथा मान्यता नियम , शर्तो के अनुरूप तथा इस वर्ष की गई फीस वृध्दि की कार्यवाही एवं औचित्य का परीक्षण कर कलेक्टर के समक्ष एक माह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगे । यह भी निर्देशित किया कि इन नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित शाला की मान्यता समाप्त किए जाने का प्रस्ताव भी प्रस्तुत करें। सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने कहा कि निजी विद्यालयों के संचालक एवं प्राचार्य एक महीने के अंदर समस्त कार्यवाही को पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे । साथ ही शासन के निर्देशों के अनुरूप ही विद्यालयों का संचालन करें अन्यथा न्यायोचित कार्यवाही की जाएगी । शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 25 प्रतिशत बच्चों का निःशुल्क स्कूलों में दाखिला कराए। आरटीई नियम के अनुसार योग्यता पूर्ण शिक्षकों की भर्ती करें । बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आर एस मरावी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डॉ. पूजा द्विवेदी, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान संजय सिंह बघेल, संयुक्त संचालक शिक्षा, ए.पी.सी. विनीत कुमार के.व्ही , सहित निजी विद्यालयों के संचालक, प्राचार्य उपस्थित रहे ।

---

# नरवाई के जलाने पर होने वाले नुकसानों से किसानों को कराया जा रहा अवगत



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** कृषि अभियांत्रिकीय विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेगा पाटिल ने बताया कि गत दिवस सेमरिया, अमहा सहित विभिन्न ग्रामों में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान, नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीन, बेलर, हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टम, रीपर कम्बाइंडर, सीपर सीडर, मल्चर आधुनिक कृषि यंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनाने, खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचाने, नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षा, जन स्वा0 एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूजनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्यव फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा । नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है ।

# कृषि विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय देवारण्य योजना के तहत प्रशिक्षण संपन्न



**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया में आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजनांतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद के अंतर्गत आंवला की खेती से संबंधित दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कार्यालय प्रमुख डॉ,के,पी, तिवारी व डॉ, धनंजय सिंह वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र उमरिया द्वारा औषधि पौधे आंवले की खेती के बारे में मास्टर ट्रेनरो को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया ।

विषय विशेषज्ञ द्वारा बताया गया कि आंवले का अधिक उत्पादन लेने हेतु किस्म का चयन बहुत महत्वपूर्ण होता है ।जब भी आंवले का बगीचा लगाया जाए तो कम से कम बगीचे में तीन किस्मों का समावेश हो ऐसा न करने पर प्रायः आंवले में अफ़लन की स्थिति बनी रहती है । प्रशिक्षण में डॉ, विनोद सिंह, डॉ, प्रदीप कुमार महोबिया, डॉ, प्रदीप पटेल, डॉ,दीपक द्विवेदी, आयुष विभाग से तथा उद्यान विभाग से महेश धुर्वे, उईके,श्री रोहित पटेल,आर, एच, ई,ओ, लोकेंद्र सिंह, डॉ,मनोज यादव, मस्त राम सिंह गोड़ तथा उन्नतशील कृषक मनोज कुशवाहा व छोटेलाल पटेल मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त किए कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवश्यक सहयोग रहा।

# बरनमहगवां में आज आयोजित होगी लोक जनसुनवाई, कलेक्टर सुनेगें जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ढ़ीमरखेड़ा

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आज गुरुवार 1 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

#### कलेक्टर की जनसुनाई में शिकायत का निराकरण न होने से ग्रामीण परेशान

सिलौंडी में आयोजित कलेक्टर की जनसुनाई में सिलौंडी पंच रघुवीर सिंह ने सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने न होने से हो रही परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराते हुए जल्द सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की मांग की थी, ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के दो माह बाद भी सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की प्रकिया शुरू नही हुई जिससे लोग परेशानियो का सामना कर रहे हैं।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण नि:शुक्ल शिविर का शुभारंभ

### खेल से खिलाड़ी मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत होते हैं




**उमरिया हरिभूमि न्यूज ।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण निशुल्क शिविर का उद्देश्य अवकाश के समय बालक बालिकाओं को खेलों की ओर अधिक से अधिक आकर्षित कर उनमें खेल के प्रति रूचि जगाना है।जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम बिरसिंहपुर पाली में जिला प्रशासन ,उमरिया पुलिस, नगर पालिका परिषद पाली के सहयोग से एक माह ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जनप्रतिनिधि पंडित प्रकाश पालीवाल, नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रकाश पालीवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप में निर्धारित खेलों में समर कैंप में आप भरपूर आनंद उठाएं तथा अन्य खेलों में भी भाग लें। खेलकूद ना सिर्फ अपने आप को दुरुस्त रखता है बल्कि जीवन में आगे बढने में उपयोगी साबित होता है स्वस्थ रहने के लिए खेलकूद आवश्यक है स्वस्थ रहे बिना लंबी आयु जी नहीं सकते जो भी खेल अच्छा लगता है। नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह व पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी ने जानकारी देते हुए कहा कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर एक महीने तक आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न खेलों की गतिविधियां संचालित की जायेंगी साथ ही महिलाओं के आत्मरक्षा के लिए पकराते का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में कबड्डी, खो-खो, फुटबॉल, व्हालीबॉल, कराते, बास्केटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, क्रिकेट आदि खेल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का आभार व्यक्त हिमांशु तिवारी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा टीम संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, संजीवनी पटेल, शिखा बर्मन, मुस्कान महोबिया, वैष्णवी बर्मन, रुद्र प्रधान, ऋषभ, सुहाना महोबिया, लक्ष्मी महोबिया,सुमित नेहा सिंह, समस्त कोच एवं खिलाड़ी गण उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने टीम ने जगह जगह किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज कटनी



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया त्यौहार में कु-रीतियों बाल विवाह की रोक-थाम के संबंध में सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं नोडल अधिकारी हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा 29 अप्रैल को पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में पी.एल.व्ही. से चर्चा कर संवेदनशील ग्रामों के लिए टीम गठित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत जुहला के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स ममता गर्ग, मीना सोनी, लता खरे एवं ग्राम पंचायत गुलवारा के लिए पैरालीगल वालेंटियर मनीषा प्यासी एवं पैनल अधिवक्ता राज कुमार बक्शी एवं ग्राम पंचायत झलवारा कटंगी खुर्द के लिए पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव एवं आराधना तिवारी एवं प्रीति सेन के द्वारा भ्रमण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। गठित टीम के बुधवार को अक्षय तृतीया पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को अवयस्क बच्चो का बाल विवाह जैसी कु-रीतियों को रोकने के लिए पता लगाया गया।

**निगमायुक्त ने शहर में नि:शुल्क प्याऊ लगाने दिए आदेश**

# शहर के अविकसित पार्कों को देंगे नया स्वरूप, सर्वे करने दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटनी



निगमायुक्त नीलेश दुबे ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

बैठक में आयुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान निकाय अन्तर्गत कॉलोनी एवं अन्य स्थानों में ऐसे पार्क जो की विकास की दृष्टि में पीछे है उनका सर्वे किया जाकर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र विकसित करने हेतु निर्देशित किया है जिसस वहां के स्थानीय लोग लाभ उठा सके। साथ ही अभियान अंतर्गत कार्यशाला आयोजित कर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम पर नाट्य, गीत, नृत्य के माध्यम से जागरूक किए जाने के भी दिशा निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियाँ अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं साथ ही निकाय एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किये गए है एवं कूप सफाई, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

अमृत 2.0 अन्तर्गत मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रेजुवेशन कार्य ,मोहन घाट,मसुरहा घाट एवं गाटरघाट में कटनी नदी में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु एसटीपी निर्माण इत्यादि कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 30 जून 2025 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकने के लिए जागरूक करने कहा गया है।

# बेटी बोझ नहीं, अभिमान है

## लीनेस क्लब बुढार ने अक्षय तृतीया पर जरूरतमंद कन्या को सौंपे विवाह उपहार

*अक्षय तृतीया का पावन पर्व के दिन मानवता और संवेदना का सुनहरा उदाहरण भी देखने को मिला। लीनेस क्लब बुढार की बहनों ने सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए एक ब्राह्मण कन्या को हजारों रुपये की विवाह सामग्री भेंट कर वह काम किया, जो समाज को दिशा देने वाला है।*

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।



बेटी की भी आंख हो गई नमवार्ड नंबर 17 धनपुरी निवासी शुक्ला की पुत्री के विवाह में सहयोग हेतु क्लब की बहनों ने आगे आकर न केवल आवश्यक सामग्री दी, बल्कि उसे सम्मानपूर्वक रेस्टोरेंट में आमंत्रित कर उपहार भेंट किया। स्टील टंकी कसेडी, पेटी, मेकप बॉक्स,बैंगल बॉक्स, छोटी बड़ी बर्तन,थाली कटोरी प्लेट चादरें, प्रेस पूजा सामग्री और घरेलू उपयोग की ढेरों चीज़ें जब उपहार स्वरूप दी गईं, तो शुक्ला परिवार की आंखें नम हो गईं।बेटियां से ही समाज लीनेस क्लब अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने कहा, ₹आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, उन्हें संबल देना समाज की जिम्मेदारी है। लीनेस क्लब का कुछ ऐसा ही हर साल एक छोटा सा प्रयास रहता है बेटी को खुश देखकर सभी लीनेस बहनों का प्रयास सफल हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी क्लब ने अपने स्तर पर शहर की जरूरतमंद कन्याओं की सूची बनाकर संपर्क किया और उसी श्रृंखला में इस कन्या को सम्मान के साथ विवाह सामग्री सौंपी गई।उज्वल भविष्य की कामना उपहार भेंट करने के बाद कन्या को मुंह मीठा करवाया सभी बहनों ने उसे उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह दृश्य न केवल भावनात्मक था, बल्कि यह साबित करता है कि यदि नीयत नेक हो, तो समाज में बदलाव की लहर लाई जा सकती है। उपस्थितजनो में लींनेस क्लब बुढार अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, सचिव अंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्यामा गुप्ता,साधना अग्रवाल,ज्योति सिंह बघेल,दिव्या रुचंदानी,सरिता अग्रवाल, अर्चना ओझा, प्रतिमा जैन,स्नेह लता गुप्ता,रजनी जैन, ज्योति खनूजा,अंजू दुआ,आरती खनूजा, अंजना जैन,नागमणि मानिकपुरी,मीनू गुप्ता आरती खंडेलवाल,जसमीत कौर। सभी लीनेस बहनों का अच्छा सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप

### किसानों के खाते में अंतरित हुए 31.42 करोड़



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर जिले के मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 1 लाख 57 हजार 143 किसानों के बैंक खाते में 31 करोड़ 42 लाख 86 हजार रूपये की राशि अंतरित की। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और संबल योजना के हितग्राहियों ने प्रदेश के धार जिले से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबल और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 20वीं किस्त के अंतरण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संबोधन और कार्यक्रम को देखा। साथ ही एनआईसी कक्ष में मौजूद हितग्राहियों ने भी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा।

### बैडमिंटन में परना गोस्वामी की जीत हासिल

**कटनी।** रेल मनोरंजन गृह द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथियों डिविजनल इलेट्रिकल इंजीनियर टी आर एस, रिंकू मीणा, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला, संदीप स्त्रोते सहायक महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन सदस्य नानक देवानी, अशोक कुमार पाठक, पंकज कुमार, विष्णु रैकवार एवं रेल मनोरंजन गृह के सचिव एजाज खान, धीरेंद्र दहिया एवं श्रीराम तिवारी, चंद्रेश कुमार, रतन निषाद,अवनीश दुबे, पुष्पेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश बर्मन, धर्मेंद्र सिंह, रवि कुमार, संजय सेन की उपस्थिति रही, जिसमें अंडर-15 बालक एकल में प्रथम आदित्य परोहा, द्वितीय अथर्व वर्मा, गर्ल्स सिंगल, देवांशी जैन, एन डी न्यशा अग्रवाल, पुरुष एकल में प्रथम आयुष सेन, द्वितीय सुनील कुमार भामा,अथर्व तिवारी, ऋषभ मिश्रा, एनडी शरद धुर्वे, आर्यन सिंह,महिला एकल में प्रथम परना गोस्वामी, द्वितीय अदिति तिवारी, तृतीय मेघा सरावगी ने विजयी हासिल की।

### बका लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** माधव नगर पुलिस ने एक युवक को धारदार बका सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगाली कालोनी के पास एक युवक धारदार बका लेकर घूम रहा है, सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के अनुसार जब तलाशी की तो उसके पास से बका जप्त किया। पुलिस ने बताया कि बंगाली कालोनी निवासी 27 वर्षीय सोनू यादव पिता नंद किशोर यादव किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने समय रहते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 392/25 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### कच्ची शराब सहित युवक पुलिस की गिरफ्त में

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय बबलू सिंह पिता प्रताप सिंह ग्राम भसेड़ा थाना उमरियापान निवासी के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान संदिग्द्ध अवस्था में जा रहे बबलू से जब पूछताछ की गई तो वह भागने लगा, पकड़े जाने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली उसके पास से पुलिस को पांच लीटर कच्ची शराब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सट्टा पट्टी काट रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने एक सटोरियों को सट्टा पट्टी काटते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुड्डी थाना बड़वारा निवासी 42 वर्षीय मंगल प्रसाद पटेल पिता हरदार पटेल सट्टा पट्टी का अवैध व्यापार कर रहा था, पुलिस ने ग्राम बसाड़ी मैन रोड के पास से सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने दो नग सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त करते हुए संबंधित धारा में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बरनमहगवां में आज आयोजित होगी लोक जनसुनवाई, कलेक्टर सुनेंगे जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ढीमरखेड़ा

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आज गुरुवार 1 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।

कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

### कलेक्टर की जनसुनाई में शिकायत का निराकरण न होने से ग्रामीण परेशान

सिलौंडी में आयोजित कलेक्टर की जनसुनाई में सिलौंडी पंच रघुवीर सिंह ने सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने न होने से हो रही परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराते हुए जल्द सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की मांग की थी, ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के दो माह बाद भी सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की प्रकिया शुरू नही हुई जिससे लोग परेशानियो का सामना कर रहे हैं।

## राजेंद्रा, खैरहा भूमिगत मांइस में पदस्थ वी.के. सिन्हा हुए सेवानिवृत्त

**राजेंद्रा,खैरहा उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पद से कार्यमुक्त, खदानों में घूमाकर दी गई भावुक विदाई**

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।



एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्रा खैरहा उपक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक वी.के.सिन्हा 30 अप्रैल 2025 को अपने काम कार्यकाल की पूर्णता के साथ सेवानिवृत्त हो गए। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कुशलता, नेतृत्व और निष्ठा के साथ किया, जिसे सहकर्मी आज भी मिसाल के तौर पर याद करेंगे।बीते लम्हे साझा किया उनकी कार्यमुक्ति के अवसर पर खदानों के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें विशेष सम्मान स्वरूप जीप में बैठाकर खदानों का भ्रमण कराया। इस दौरान राजेंद्रा माइंस खान प्रबंधक बेलनो वाला कृष्णा, खैरहा माइंस खान प्रबंधक सुरेन्द्र प्रताप सिंह और दामिनी भूमिगत माइंस के खान प्रबंधक राजेश खंपरिया उपस्थित रहे। सभी ने श्री सिन्हा के मार्गदर्शन में बिताए गए समय को साझा किया और उनके नेतृत्व की प्रशंसा की। उज्वल भविष्य कामना कर्मचारियों और अधिकारियों ने बताया कि वी.के. सिन्हा का निर्णय क्षमता, अनुशासन और टीम को प्रेरित करने की शैली अत्यंत प्रेरणादायक रही। उनके द्वारा निभाई गई भूमिका आने वाली पीढ़ी के लिए एक उदाहरण के रूप में कायम रहेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल स्वास्थ्य व सक्रिय जीवन की कामना की।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने टीम ने जगह जगह किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज कटनी



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया त्यौहार में कु-रीतियों बाल विवाह की रोक-थाम के संबंध में सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं नोडल अधिकारी हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा 29 अप्रैल को पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में मीटिंग आयोजित की गई।

मीटिंग में पी.एल.व्ही. से चर्चा कर संवेदनशील ग्रामों के लिए टीम गठित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत जुहला के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स ममता गर्ग, मीना सोनी, लता खरे एवं ग्राम पंचायत गुलवारा के लिए पैरालीगल वालेंटियर मनीषा प्यासी एवं पैनल अधिवक्ता राज कुमार बक्शी एवं ग्राम पंचायत झलवारा कटंगी खुर्द के लिए पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव एवं आराधना तिवारी एवं प्रीति सेन के द्वारा भ्रमण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। गठित टीम के बुधवार को अक्षय तृतीया पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को अवयस्क बच्चो का बाल विवाह जैसी कु-रीतियों को रोकने के लिए पता लगाया गया।

## शहर के अविकसित पार्कों को देगें नया स्वरूप, सर्वे करने दिए गए निर्देश

**निगमायुक्त ने शहर में निःशुल्क प्याऊ लगाने दिए आदेश**

हरिभूमि न्यूज कटनी



निगमायुक्त नीलेश दुबे ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।

बैठक में आयुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान निकाय अन्तर्गत कॉलोनी एवं अन्य स्थानों में ऐसे पार्क जो की विकास की दृष्टि में पीछे है उनका सर्वे किया जाकर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र विकसित करने हेतु निर्देशित किया है जिसस वहां के स्थानीय लोग लाभ उठा सके। साथ ही अभियान अंतर्गत कार्यशाला आयोजित कर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम पर नाट्य, गीत, नृत्य के माध्यम से जागरूक किए जाने के भी दिशा निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियाँ अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं साथ ही निकाय एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किये गए है एवं कूप सफाई, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।

अमृत 2.0 अन्तर्गत मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रेजुवेशन कार्य ,मोहन घाट,मसुरहा घाट एवं गाटरघाट में कटनी नदी में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु एसटीपी निर्माण इत्यादि कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 30 जून 2025 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकने के लिए जागरूक करने कहा गया है।

**जय जय परशुराम व जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ शहर**

## ढ़ोल नगाड़ों के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज कटनी

बुधवार को भगवान परशुराम जंयती के अवसर पर जिले भर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पूजा अर्चना की गई। ढ़ोल नगाड़ों के साथ भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर जगह जगह फूल मालाओं व आरती कर शोभा यात्रा का स्वागवत किया गया। भव्य शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु उत्साह के साथ जयघोष के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर मसुरहाघाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में सुबह 9 बजे भगवान परशुराम का अभिषेक, पूजन एवं हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई।

इसके साथ ही शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे से भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए पुनः ब्राम्हण सत्संग भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में भगवान परशुराम के जीवन और कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली गई, जिससे जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। अन्य भक्ति झांकियों ने भी शोभायात्रा में धार्मिक उल्लास भर दिया। शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। समापन के अवसर पर ब्राम्हण सत्संग भवन में भगवान परशुराम की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। ब्राम्हण समाज द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में शहरवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

जिला अस्पताल मार्ग स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चाणक्य ब्राम्हण महासभा परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हुआ। 28 अप्रैल को भजन संध्या, 29 अप्रैल को मातृशक्ति परिचय एवं मेहंदी महावार कार्यक्रम के बाद 30 अप्रैल को अभिषेक, हवन और पूजन के साथ भगवान परशुराम जयंती पर्व मनाया गया। कार्यक्रमों का समापन भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान निगम बडी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही।

इसके साथ ही बड़वारा, रीठी, उमरियापान, बरही, कैमोर, ढ़ीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ सहित जिलेभर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान कर शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

## बार बार बंद हो रही बिजली सप्लाई से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज कटनी

गर्मी के मौसम में अनियमित बिजली कटौती से शहरवासी इन दिनो काफी परेशान हैं। अघोषित विद्युत कटौती लगभग रोजाना की जा रही है, दिन हो या रात बिजली कब बंद हो जाए कोई नहीं जानता। गर्मी में रात बिताने में लोगों का पसीना छूट रहा है। शहर में ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली सप्लाई बाधित न हो, दिन के समय बिजली सप्लाई बंद होने के कारण लोगों के व्यापारिक कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं रात के समय भी िबजली सप्लाई भगवान भरोसे ही चल रही है। सप्लाई बंद होने के बाद घंटों इंतजार करते लोग परेशान हो रहे हैं, ऑफिस सहित दुकानदारों के कार्य बिजली न होने से बंद हो जाते हैं। शहर के साथ साथ सबसे ज्यादा खराब स्थिति ग्रामीण इलाकों की है जहां अघोषित कटौती ने ग्रामीणों को हलाकान कर दिया है। ढ़ीमरखेड़्ज्ञ के अनेकों ग्रामों में कई घंटों के लिए बिजली कटौती की जा रही है। अनियमित बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए ग्रामीणों ने विभाग से सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई जारी रखने की मांग की है। गर्मी के इस मौसम में सबसे ज्यादा नौनिहाल बच्चों व बड़े बुजुर्गो की हो रही है, बच्चे रात रात भर सो नहीं पा रहे हैं वहीं दिन के समय चिलचिलाती धूप के कारण नौनिहाल बच्चे पसीने से लथपथ हलाकान हो रहे हैं। ग्रामीणों को बिजली सुविधा का नियमित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि राज्य की सरकार बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था बहाल करने में फेल है। ऐसे में यहां की जनता ठगा महसूस कर रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में बिजली व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### जीप और बाईक की आमने-सामने भिड़ंत मे 2 बाईक सवार की मौत

**अनूपपुर।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील के राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम लांघटोला के पटना में अनूपपुर तरफ से आ रही जीप व बाईक की आमने-सामने भिड़ंत से दो बाईक सवार युवको की मृत्यु हो गई। राजेंद्रग्राम पुलिस के अनुसार बुधवार- गुरूवार की रात्रि अनूपपुर तरफ से आ रही जीप क्रमांक एमपी 18 जेडई 6641 और राजेंद्रग्राम तरफ से जा रही दो पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8695 की आमने-सामने भिड़त हो गई। भिड़ंत इतना जोरदार था कि एक बाईक सवार की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई, वहीं दूसरे ने राजेंद्रग्राम अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। दोनों मृतकों में 31 वर्षीय सूर्यप्रकाश चौधरी निवासी ग्राम लाँघाटोला के हर्षशा मोहल्ला एवं 39 वर्षीय राजकुमार पनिका निवासी लाँघाटोला पटना के निवासी है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्रग्राम पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया। राजेंद्रग्राम थाना प्रभारी विरेंन्द्र वडकडे ने बताया कि जीप व दो पहिया वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत से दो पहिया वाहन में सवार दोनो युवको की मृत्यु हो गई हैं, मर्ग कायम कर जीप को थाना में खड़ा करा लिया हैं। गुरूवार को पोस्टमार्डम करा शव परिजनो को सौंपकर मामले की जांच की जा रही है।

### धार्मिक उन्माद के आरोपी को कोतमा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**कोतमा।** आवेदक आनन्द शर्मा निवासी कोतमा व्दारा इस आशय का शिकायती आवेदन दिया गया कि पहलगांव आतंकी घटना को लेकर रिन्कू बंसल व्दारा की गई पोस्ट पर रामनाथ साहू व्दारा अश्लील कमेंट सब चोर है रिन्कू साथ ही सनातनियों पर अश्लील शब्दो का प्रयोग किये जाने पश्चात थाना कोतमा में अपराध क्र. 170/25 धारा 196,296,299 बी0एन0एस0 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोतीउर्र रहमान के मार्गदर्शन में एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी, एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना कोतमा पुलिस व्दारा (सनातन धर्म पर की गई अश्लील टिप्पणी से कोई कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो) त्वरित कार्यवाही करते हुये अपराध की विवेचना कर आरोपी रामनाथ साहू पिता रामचरण साहू उम्र 43 वर्ष नि. ग्राम छुलहा थाना कोतमा से घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन जप्त कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. सुन्द्रेश सिंह,उप निरी.अकबर खान, सउनि बृजेश कुमार पाण्डेय, आर शुभम तिवारी एवं सायबर सेल अनूपपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### हशिया नदी में जल संरक्षण का किया गया कार्य

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशानुरूप प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान में जन अभियान परिषद अनूपपुर के नेतृत्व में अभियान अंतर्गत विकासखण्ड जैतहरी के ग्राम पंचायत भेलमा के हशिया नदी में स्थित स्टॉप डेम में सामूहिक श्रमदान से जल संरक्षण का कार्य किया गया। पानी रुकने से वहां अब मवेशियों, जीव जंतु ,पक्षियों को पानी मिल सकेगा। इस कार्य में विकासखंड समन्वयक श्री फत्ते सिंह, नवांकुर संस्था तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि व सदस्य, परामर्शदाता, समाज सेवी, सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं एवं स्थानीय लोगों की सहभागिता रही।

# श्री राम जानकी मंदिर में भव्यता के साथ परशुराम प्राकट्योत्सव सम्पन्न

## सच्चे मन से किया गया कार्य निश्चित रूप से पूर्ण होता है- महंत लवलीन जी महराज

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



विप्र समाज के संयोजन में एकीकृत ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान भार्गव परशुराम जी का जन्मोत्सव अत्यंत उत्साह और गरिमामय वातावरण में अनूपपुर सनातन धर्मस्थली श्री राम जानकी मंदिर में भव्यता के साथ भगवान परशुराम के चित्र में विंध्य संत गौरव स्वामी आश्रम धारकुंडी परमहंस अमरकंटक के महंत लवलीन जी महाराज एवं हनुमत आश्रम खामीडोल शाहपुर जगतगुरु स्वामी दांडी जी महाराज तथा मां काली भक्त अमरकंटक के संत राजेश अजाद बाबा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अपराह्न 3 बजे से पंडित विद्याधर पांडे अध्यक्ष अखिल भारतीय एकीकृत ब्राह्मण परिषद पारंपरिक वेशभूषा मे पत्नी के साथ पूजन अर्चन किया पूरा वातावरण वैदिक मंत्र मंदिर के विद्वान आचार्यों एवं अन्य की उपस्थिति मे ब्राह्मण वेद पाठी जनों ने वेद पाठ के साथ पूजन सम्पन्न हुआ। भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन हुआ तब वह समय आया जिसकी प्रतीक्षा लंबे समय थी, मांगलिक वाद्य शंख विजयघंट नगाड़े और अन्य परंपरा अनुसार मांगलिक कलश लेकर माताएं श्रीमती संध्या पांडे, श्रीमती बेला शुक्ला, श्रीमती रजनी, श्रीमती पूजा शुक्ला, श्रीमती सावित्री त्रिपाठी, श्रीमती विद्या शर्मा जगतगुरु स्वामी दांडी जी महाराज एवं लवलीन दास जी के साथ पधारे स्वामी राजेश अजाद जी का अगवानी कर उन्हें कार्यक्रम स्थल तक आदर पूर्वक लाया गया जहां सभी संतों के द्वारा विशाल भगवान परशुराम जी के प्रतिमा में माल्यार्पण करते हुए पूजन किया। उपस्थित संतों का आयोजक मंडल के पंडित मधुसूदन द्विवेदी, शेषनारायण शुक्ला और सतेन्द्र स्वरूप दुबे के द्वारा श्रीफल, साल और विशाल माला से मंचासीन संतों का सम्मान किया।

### सच्चे मन से किया गया कार्य निश्चित रूप से पूर्ण होता है-बाबा लवलीन महाराज

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से आपने अत्यंत सारगर्भित विचार रखते हुए संत लवलीन महराज जी ने कहा कि भगवान परशुराम जन-जन के मन में व्याप्त हैं , सभी की भावनाओं को समझते हुए उनकी मदद करते हैं, हैहय वंशज सहस्त्र अर्जुन की कथा भूमिका में रखते हुए भार्गव परशुराम जी के पराक्रम बल विक्रम धैर्य शौर्य का वर्णन करते हुए आपने कहा कि हमें उनके बताए गए मार्गों पर चलना चाहिए और अनूपपुर का विप्र समाज जो कार्य कर रहा है निश्चित रूप से सराहनीय है और इसे लक्ष्य की पूर्ति अवश्य मिलेगा क्योंकि अनूपपुर का विप्र समाज निःस्वार्थ एवं सच्चे मन से कार्य करते हैं, इसलिए विप्र समाज अपने उद्देश्यों पर निश्चित रूप से सफलता प्राप्त करेगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है। सभा का संचालन करते हुए संयोजक रामनारायण द्विवेदी ने पूरे आयोजन पर विहंगम प्रकाश डालते हुए कहा कि विप्र समाज गठन की आवश्यकता क्यों पड़ी इसका लक्ष्य क्या है और आगे क्या करना है इस पर प्रकाश डालते हुए अत्यंत समास शैली में विचार रखते हुए आपने बताया कि ब्राह्मण समाज ब्राह्मणों के हित के लिए चंदा और राजनीति से हटकर कार्य कर रहा है और आगे समस्त विप्रवर जनों से संपर्क स्थापित कर नारियल और जनेऊ लेकर सदस्यता अभियान को आगे बढ़ रहा है और अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है जिसके परिणीति मे आज इस सभा में अमरकंटक क्षेत्र के विभूति संत हमारे बीच उपस्थित हैं । संत राजेश आजाद जी अमरकंटक का आशीष वचन देते हुए कहा कि जिस तरह अनूपपुर का विप्र समाज आस्था से कार्य कर रहा है बिना चंदा बिना राजनीति का यह अनुकरणीय साबित होगा। सभा समापन में अध्यक्षता कर रहे जगतगुरु स्वामी दंडी महाराज ने इस आयोजन को मुक्त कंठ से आशीर्वाद दिया और इसके उत्तरोत्तर बढ़ने के लिए कामना किया तथा अनूपपुर के विप्र समाज को जब भी मेरी जरूरत पड़े मैं पूर्ण मनोयोग से हमेशा उपलब्ध रहूंगा।

### नौकरी दिलाने के नाम पर 60 हजार की ठगी

**कोतमा।** क्षेत्र में लगातार कालरी खदानों, जैतहरी पावर प्लांट एवं खुल रही नई निजी कंपनियां में नौकरी के नाम पर ठगी करने की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। नए मामले में लहसुई निवासी रामकिशोर रजक से उसके पुत्र की नौकरी लगवाने के नाम पर भालूमाड़ा निवासी हिमांशु कैथल द्वारा 60 हजार ऐंठने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए दोषी पर कार्यवाही की मांग की गई है। मामले के बारे में बताया जाता है कि लहसुई गांव में रहने वाले रामकिशोर के पड़ोस में संजय प्रजापति रहता है जिसके द्वारा भी जैतहरी पावर प्लांट में नौकरी लगवाने के नाम से कुछ पैसा हिमांशु को दिया जाना बताकर नौकरी लगवा लीजिए कहा गया। फोन पर बात करने के बाद हिमांशु द्वारा घर आकर नौकरी लगवाने का सब्जबाग दिखाते हुए अधिकारियों से अच्छी जान पहचान का हवाला दिया। पीड़िता द्वारा 22700 नगदी एवं 37300 रुपए फोन पे के माध्यम से दो किस्तों में कुल 60 हजार दिए गए। कुछ दिनों तक आरोपी के द्वारा मोबाइल फोन से संपर्क में रहते हुए भर्ती होने की प्रक्रिया चल रही है कहकर झांसा देता रहा एवं उसके बाद अचानक मोबाइल स्विच ऑफ कर गायब हो गया। मोबाइल स्विच ऑफ आने के बाद घबड़ाकर भालूमाडा 3 नंबर दफाई घर जाकर पता किया तो घर में परिजनों ने बताया कि हिमांशु बहुत दिनों से नहीं आया है। पुत्र की बेरोजगारी का दंश झेल रहे पिता से रकम ठगने के बाद मानसिक रूप से प्रताड़ित सदमे में चला गया। घटना की रिपोर्ट कोतमा थाना सहित अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोतमा से मिलकर शिकायत दर्ज कराई। जानकारी अनुसार हिमांशु द्वारा इस प्रकार नौकरी का झांसा देकर कई अन्य लोगों से भी रुपए ऐंठे गए है।

**इनका कहना है**

शिकायत मिली है, जांच करवाई जा रही है।
**आरती शाक्य अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोतमा**

# जिला खेल परिसर में समर कैंप का हुआ शुभारंभ

## बच्चों के मनोरंजन तथा आनंद का साधन भी है समर कैंप-केरकट्टा

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



मुख्यालय स्थित जिला खेल परिसर में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक शुभारम्भ किया गया। जिला कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा जिला पंचायत अनूपपुर के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इशरार मंसूरी एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी के कनिर्देशन में खेल और युवा कल्याण विभाग जिला अनूपपुर के द्वारा 1 से 31 मई तक पूर्णतः निःशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारम्भ 1 मई को प्रातः 07 बजे एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरेकेटा, थाना प्रभारी कोतवाली अनूपपुर एवं जिला व्हालीवाल संघ के अध्यक्ष एवं पत्रकार चैतन्य मिश्रा के आतिथ्य में संपन्न हुआ। जिला व्हालीवाल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने आयोजन के विषय में बताया कि खेल समर कैंप से बच्चों को शारीरिक विकास बच्चो का मानसिक विकास, बच्चों का सामाजिक विकास और बच्चों को विभिन्न खेलों में अपने कौशल में सुधार करने का अवसर प्रदान करना।यह एक यादगार और विकासात्मक अनुभव हो सकता है। समर कैंप के माध्यम से जिले के चारों विकासखंडों में अलग अलग खेल विधाओं में बालक बालिकाओं को पारंगत किया जाएगा।शिविर में व्हालीबाल खेल का प्रशिक्षण रामचंद्र यादव जिला व्हालीबाल प्रशिक्षक खेल विभाग, कराते का प्रशिक्षण संजय जोगी ब्लैक बेल्ट एवं सीनियर खिलाड़ी, कबड्डी का प्रशिक्षण इन्द्रनारायण काछी एवं रामायण वर्मा खेल अधिकारी कन्या महाविद्यालय अनूपपुर के द्वारा जिला खेल परिसर में दिया जा रहा है।साथ ही उत्कृष्ट उच्च.माध्य.विद्यालय अनूपपुर में धनीराम बनवासी, व्यायाम शिक्षक द्वारा फुटबॉल खेल का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही नियमित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बालक बालिकाओं को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उक्त आयोजन में उपस्थित एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकटा द्वारा समर कैंप से बच्चों के अन्दर होने वाले फायदों तथा उनके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, विकास के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास तथा निर्णय लेने की क्षमता बढ़ती है साथ ही यह समर कैंप बच्चों के मनोरंजन तथा आनंद का साधन भी बनता है।

# श्रमिक दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं श्रीमती माया विश्वलाल, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनूपपुर के निर्देशानुसार मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय अनूपपुर, विनोद कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बृजेश पटैल जिला विधिक सहायता अधिकारी की उपस्थिति में 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर हिन्दुस्तान पावर लिमिटेड कम्पनी जैतहरी जिला अनूपपुर में नालसा की योजना (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 एवं श्रमिकों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में मनोज कुमार लढ़िया प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा उपस्थित श्रमिकों को बताया गया कि श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को याद करना, सम्मान देना एवं उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाना है। देश के विकास में अथक परिश्रम करने वाले श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। परिश्रम वह चाबी है जो किस्मत का दरवाजा खोल देती है। इसी क्रम में सचिव विनोद कुमार वर्मा द्वारा अपने संबोधन में मजदूरों के अधिकार के संबंध में जानकारी दी। साथ ही न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, कारखाना अधिनियम के साथ कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम प्रतिषेध अधिनियम, मातृत्व लाभ एवं दिनांक 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता योजना, विधिक सलाह एवं श्रमिकों के लिए अपराध प्रकोष्ठ योजना की जानकारी दी। तथा किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का टोल फ्री नंबर 15100 पर कानूनी जानकारी लेने की सलाह दी। सहायक श्रम अधिकारी श्री अनुर्वत द्विवेदी द्वारा म0प्र0 भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल योजना अंतर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही श्रमिकों को किसी भी प्रकार की समस्या हेतु श्रम विभाग में आने की सलाह दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिन्दुस्तान पावर प्लांट लिमिटेड आनंद देशपाण्डें, प्रबंधक आर0के0 खटाना, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसेल संतदास नापित सहित बड़ी संख्या में श्रमिक वर्ग उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन आयुष सोनी असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसेल द्वारा किया गया।



### मजदूर दिवस पर किसान, मजदूरों ने अचानक घेरा जीएम कार्यालय

**अनूपपुर।** विभिन्न मांगो को लेकर किसान, मजदूरों ने अचानक जीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। उन्होने कहा कि अपने रोजगार के रुके फाइल जो लंबे समय से लंबित है इसके साथ पुनर्वास पुनर्स्थापना परसंपत्ति के मुआवजा भुगतान जो जमीन नोटिफिकेशन से छूट गया एस ई सी एल सोहागपुर एरिया अंतर्गत रामपुर बटुरा खुली खदान परियोजना से प्रभावित किसानों का उसे अतिशीघ्र निराकरण किया जाए जिसके बाद सोहागपुर एरिया कार्मिक प्रबंधक हेंब्रम जी आकर किसानों से मिलकर कहा कि सोहागपुर एरिया जीएम ऑपरेशन मनीष श्रीवास्तव आप लोगों से बात करना चाहते हैं आप सब लोग चलिए अपनी बात कहिए इसके पश्चात किसानों का नेतृत्व कर रहे किसान नेता सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा की अगवाई में किसानों की पूरी टीम जीएम ऑपरेशन के चेंबर में पहुंचकर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज आपके महाप्रबंधक एवं रामपुर बटुरा साइबेरिया मैनेजर दोनों नहीं है मैं आज ही इस कुर्सी में बैठा हूं अभी मुझको यहां के बारे में खास पता नहीं है। सोहागपुर एरिया माइनिंग अधिकारी विजय सहाय की मदद से किसानों को समस्याओं को गंभीरता से सुनकर नोट किया तथा कहा कि एक सप्ताह के अंदर हम बैठक बुलाकर जल्द से जल्द निराकरण करेंगे इस दौरान कई किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुये कहा कि हमारे मजदूर और किसानों की हालत गंभीर है आप लोग सोहागपुर में रामपुर बटुरा के कारण पुरस्कार पर पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं और किसान दर-दर भटक रहे हैं यह ठीक बात नहीं है। हमारा निराकरण जल्द से जल्द नहीं करेंगे तो हम अब किसी प्रकार से कोई ज्ञापन देने नहीं आएंगे सीधे खदान को संपूर्ण रूप से बंद कर देंगे जिसकी जिम्मेदारी आप सब की होगी। किसानों में प्रीतम लाल राठौर, लखन लाल राठौर, प्रदीप रजक, दीपू बैगा, राम सजन, रामलली राठौर, चंद्रावती, दिलीप पांडे, पप्पू राठौर, मोतीलाल, दीनदयाल, नेहरू, अजय, अन्नी गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# माँ नर्मदा के संरक्षण के लिए डिंडोरी में स्वच्छता अभियान आयोजित, नवांकुर संस्था के सदस्यों ने निभाई

डिंडौरी।

जन अभियान परिषद, विकासखंड डिंडोरी में आयोजित बैठक के दौरान 'जल गंगा संवर्धन योजना' के अंतर्गत माँ नर्मदा जी के पवित्र डेम घाट पर भव्य स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य माँ नर्मदा की निर्मलता को बनाए रखते हुए स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाना था।कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूत जी के नेतृत्व में नवांकुर संस्था के कई सक्रिय सदस्य, जिनमें अजय ठाकुर, भीखम सिंह, अरुण कुमार चंदेल, मनोज मार्को, प्रेमलाल बनवासी, राजीव बर्मन और शरद कुमार यादव प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी सदस्यों ने समर्पण भाव से माँ नर्मदा के तट पर सफाई अभियान चलाया और घाट से प्लास्टिक, कचरा व अन्य अवशेषों को हटाया।

### माँ नर्मदाः हमारी संस्कृति और जीवन का प्रतीक

कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने इस बात पर बल दिया कि माँ नर्मदा न केवल मध्य प्रदेश बल्कि सम्पूर्ण भारत की संस्कृति, आस्था और जीवन का आधार हैं। उनकी स्वच्छता और संरक्षण हमारा नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है। उपस्थितजनों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास का परिणाम होनी चाहिए, ताकि हमारी भावी पीढ़ियाँ भी स्वच्छ नर्मदा का आशीर्वाद प्राप्त कर सकें।

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता

सफाई अभियान के माध्यम से यह भी संदेश दिया गया कि प्राकृतिक जल स्त्रोतों की रक्षा करना केवल सरकार का नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि नदियों में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थ डालने से जल प्रदूषण बढ़ता है, जो पर्यावरण और जीव-जंतुओं के लिए भी हानिकारक है। अतः प्रत्येक व्यक्ति को जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सजग और जिम्मेदार बनना चाहिए।

### एक प्रेरणादायक पहल

आज का यह अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह लोगों में जागरूकता फैलाने और सामूहिक प्रयास के महत्व को भी रेखांकित करता है। घाट को स्वच्छ करने के इस छोटे-से प्रयास के माध्यम से एक बड़ी सोच को जन्म दिया गया कि प्रकृति की सेवा, वास्तव में मानवता की सेवा है।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी नियमित रूप से माँ नर्मदा के घाटों की स्वच्छता हेतु कार्य करते रहेंगे और जनसामान्य को भी इस अभियान से जोड़ने का प्रयास करेंगे।माँ नर्मदा हमारे जीवन की धारा हैं।